# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**April, 2024**

## संस्कृत विश्वविद्यालय में मंगलाचरण के साथ आरंभ हुई ओपन एक्सेस पब्लिशिंग कार्यशाला




सेठी ज्यूलर्स
एण्ड सन्ज
Mob. : 9129666666, 7807860000


News123 संवाददाता । परागपुर — वालिया

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन परिसर के लाईब्रेरी विभाग व हिमाचल के केंद्रित विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वेदव्यास परिसर के ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डा शैलेश तिवारी के मंगलाचरण के साथ ही "ओपन एक्सेस पब्लिकेशन"विषय पर आयोजित हुई इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।इस कार्यशाला में विशेष रूप से तीन मुख्य वक्ताओं ने भाग लिया।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के लाईब्रेरी विभाग के इंचार्ज डा शिवा राम राव ने ओपन एजुकेशन रिसोर्स विषय पर अपने विचार रखे। वहीं दिल्ली स्थित आई आई टी की लाईब्रेरी के सहायक लाइब्रेरियन डा मोहित गर्ग ने बताया कि कैसे ओपन जरनल सिस्टम के द्वारा रिसर्च जरनल को मैनेज कर सकते हैं।वहीं दिल्ली स्थित डायरेक्टरी ऑफ ओपन एक्सेस की एसोसिएट एडिटर प्रिया ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे।

इन मुख्य वक्ताओं का परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो शीशराम व वेदव्यास परिसर की लाईब्रेरी के इंचार्ज व इस कार्यशाला के संयोजक विक्रमजीत सिंह ने टोपी व शॉल आदि प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

वहीं बी एड विभाग के सहायकाचार्य डा पुरुषोत्तम व आधुनिक विभाग के सहायकाचार्य डा पीयूष त्रिपाठी ने क्रमशः दो सत्रों का संचालन किया।कार्यशाला के समापन पर साहित्य विभाग के सहायकाचार्य डा महिपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी मौजूद रहे।

---


FRI,26 APRIL 2024
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO.


## संस्कृत विश्वविद्यालय में आरंभ हुई ओपन एक्सैस पब्लिशिंग कार्यशाला

रक्कड़, 25 अप्रैल (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार को लाइब्रेरी विभाग व हिमाचल के केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वेदव्यास परिसर के ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डा. शैलेश तिवारी के मंगलाचरण के साथ ही ओपन एक्सैस पब्लिकेशन विषय पर आयोजित हुई इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यशाला में विशेष रूप से 3 मुख्य वक्ताओं ने भाग लिया। लाइब्रेरी विभाग के इंचार्ज डा. शिवा राम राव ने ओपन एजुकेशन रिसोर्स विषय पर अपने विचार रखे।कार्यशाला के समापन पर साहित्य विभाग के सहायकाचार्य डा. महिपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी भी मौजूद रहे।

---


डिजिटल अखबार
नया सवेरा
प्रदेश की हर खबर पर नजर
@nayasaveratv nayasaveranewsportal@gmail.com +91 80913 36036


## संस्कृत विश्वविद्यालय में मंगलाचरण के साथ आरंभ हुई ओपन एक्सेस पब्लिशिंग कार्यशाला



नया सवेरा ब्यूरो/देहरा:केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन परिसर के लाईब्रेरी विभाग व हिमाचल के केंद्रित विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वेदव्यास परिसर के ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डा शैलेश तिवारी के मंगलाचरण के साथ ही "ओपन एक्सेस पब्लिकेशन"विषय पर आयोजित हुई इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।इस कार्यशाला में विशेष रूप से तीन मुख्य वक्ताओं ने भाग लिया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के लाईब्रेरी विभाग के इंचार्ज डा शिवा राम राव ने ओपन एजुकेशन रिसोर्स विषय पर अपने विचार रखे। वहीं दिल्ली स्थित आई आई टी की लाईब्रेरी के सहायक लाइब्रेरियन डा मोहित गर्ग ने बताया कि कैसे ओपन जरनल सिस्टम के द्वारा रिसर्च जरनल को मैनेज कर सकते हैं।वहीं दिल्ली स्थित डायरेक्टरी ऑफ ओपन एक्सेस की एसोसिएट एडिटर प्रिया ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे। इन मुख्य वक्ताओं का परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो शीशराम व वेदव्यास परिसर की लाईब्रेरी के इंचार्ज व इस कार्यशाला के संयोजक विक्रमजीत सिंह ने टोपी व शॉल आदि प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं बी एड विभाग के सहायकाचार्य डा पुरुषोत्तम व आधुनिक विभाग के सहायकाचार्य डा पीयूष त्रिपाठी ने क्रमशः दो सत्रों का संचालन किया।कार्यशाला के समापन पर साहित्य विभाग के सहायकाचार्य डा महिपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी मौजूद रहे।



---

## बलाहर में ओपन एजुकेशन रिसोर्स विषय पर रखे विचार



केंद्रीय संस्कृत विवि बलाहर में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागी • जागरण

संवाद सूत्र, जागरण • परागपुर : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में लाइब्रेरी विभाग व केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वेदव्यास परिसर के ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डा. शैलेश तिवारी के मंगलाचरण के साथ ही ओपन एक्सेस पब्लिकेशन विषय पर आयोजित हुई इस कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी विभाग के इंचार्ज डा. शिवा राम राव ने ओपन एजुकेशन रिसोर्स विषय पर अपने विचार रखे। वहीं दिल्ली स्थित आइआइटी की लाइब्रेरी के सहायक लाइब्रेरियन डा. मोहित गर्ग ने बताया कि कैसे ओपन जरनल सिस्टम की ओर से रिसर्च जरनल का प्रबंधन कर सकते हैं, वहीं दिल्ली स्थित डायरेक्टरी आफ ओपन एक्सेस की एसोसिएट एडिटर प्रिया ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे।

मुख्य वक्ताओं को परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. शीशराम व वेदव्यास परिसर की लाइब्रेरी के इंचार्ज व कार्यशाला के संयोजक विक्रमजीत सिंह ने सम्मानित किया।

**Naya Savera, 26th April, 2024** — **Divya Himachal, 26th April, 2024**

# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**May, 2024**

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में जुटाया 35 यूनिट ब्लड



गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार के दिन एनएसएस यूनिट के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। 35 यूनिट ब्लड एकत्रित कर टांडा मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक से आई टीम को दिया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी व एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी व कंप्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया ने बताया कि परिसर में इन दिनों शास्त्री व आचार्य के छात्रों की इंटरनशिप चल रही है।

## संस्कृत यूनिवर्सिटी ने डोनेट किया 35 यूनिट ब्लड

**परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार के दिन एनएसएस यूनिट के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 35 यूनिट ब्लड एकत्रित कर टांडा मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक से आई टीम को दिया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी व कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया ने बताया कि परिसर में इन दिनों शास्त्री व आचार्य के छात्रों की इंटरनशिप चल रही है। एनएसएस में इंटरनशिप कर रहे छात्रों के लिए एक विषय 'ब्लड डोनेशन' भी है, इसलिए इस कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी, बीएड विभाग के अध्यक्ष प्रो. शीश राम, एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, संयोजक पंकज कुमार, डा. मनीष कुमार, अमर चंद, डा. विनोद शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

## संस्कृत यूनिवर्सिटी में रक्तदाताओं ने किया 35 यूनिट रक्तदान





### न्यूज ब्रीफ

## 35 यूनिट ब्लड एकत्रित कर टांडा भेजा

ढलियारा, 15 मई (स.ह.) केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एन.एस.एस. यूनिट के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 35 यूनिट ब्लड एकत्रित कर टांडा मैडीकल कालेज के ब्लड बैंक से आई टीम को दिया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी और एन.एस.एस. यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी एवं कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया ने बताया कि परिसर में इन दिनों शास्त्री व आचार्य के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप चल रही है। एन.एस.एस. में इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक विषय ब्लड डोनेशन भी है, इसीलिए इस कैंप का आयोजन किया गया।

---

संवाददाता | परागपुर — ब्यूरो

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार के दिन एन. एस. एस. यूनिट के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया।जिसमें 35 यूनिट ब्लड एकत्रित कर टांडा मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक से आई टीम को दिया गया।

जानकारी देते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी व एन. एस. एस. यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी व कंप्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया ने बताया कि परिसर में इन दिनों शास्त्री व आचार्य के छात्रों की इंटरनशिप चल रही है। एन. एस. एस. में इंटरनशिप कर रहे छात्रों के लिए एक विषय "ब्लड डोनेशन" भी है।इसीलिए इस कैंप का आयोजन किया गया।

वहीं टांडा के ब्लड बैंक से आई डॉक्टर्स की टीम ने परिसर के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग की काफी प्रशंसा की।वहीं टांडा के ब्लड बैंक के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास ने बताया कि समय समय पर ऐसे ब्लड डोनेशन कैंपों का आयोजन किया जाता है ताकि टांडा में पहुंचे जरूरतमंद मरीजों को ब्लड आसानी से उपलब्ध करवाया जा सके।

इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी, बी एड विभाग के अध्यक्ष प्रो शीश राम, एन एस एस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया,संयोजक पंकज कुमार, डा मनीष कुमार,अमर चंद, डा विनोद शर्मा, डा बी.रघु राज,हरिओम शर्मा, डा शैलेश तिवारी, डा संतोष गोडरा, कमल कौशल,प्रमोद कुमार, रत्न चंद आदि भी मौजूद रहे।

# बलाहर में 35 यूनिट ब्लड किया एकत्रित

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एनएसएस यूनिट ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में बुधवार को एनएसएस यूनिट के सौजन्य से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 35 यूनिट ब्लड एकत्रित कर टांडा मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक से आई टीम को दिया गया।

यह जानकारी केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी व कंप्यूटर विभागाध्यक्ष अमित वालिया ने दी। उन्होंने बताया कि परिसर में इन दिनों शास्त्री व आचार्य के छात्रों की इंटरनशिप चल रही है। इंटरनशिप कर रहे छात्रों के लिए एक विषय ब्लड डोनेशन भी है। इसीलिए इस कैंप का आयोजन किया गया। वहीं टांडा के ब्लड बैंक से आई डॉक्टर्स की टीम ने परिसर के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग की काफी प्रशंसा की। टांडा के ब्लड बैंक के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास ने बताया कि समय-समय पर ऐसे ब्लड डोनेशन कैंपों का आयोजन किया जाता है ताकि टांडा में पहुंचे जरूरतमंद मरीजों को ब्लड आसानी से उपलब्ध करवाया जा सके।

इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी, बीएड विभाग के अध्यक्ष प्रो. शीश राम, एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया, संयोजक पंकज कुमार, डॉ. मनीष कुमार,अमर चंद, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. बीरघु राज, हरिओम शर्मा, डॉ. शैलेश तिवारी, डॉ. संतोष गोडरा, कमल कौशल, प्रमोद कुमार, रत्न चंद आदि मौजूद रहे।



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में शिविर के दौरान सम्मानित करते हुए।

## NEWSPAPERS CLIPPINGS

**June, 2024**

# वेदव्यास परिसर में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा




**परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के पूर्व दिवस में राष्ट्रीय योग स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विविध राज्यों में स्थित परिसरों से आए प्रतिभागियों ने भाग किया। यह प्रतियोगिता वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि यह हिमाचल के लिए बड़े गौरव का क्षण है कि हमें अंतारराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशिष्ट कार्यक्रम को आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि योग महोत्सव हेतु भारत के विविध प्रांतों से प्रतिभागी आए है, जिसमें मुख्य रूप से जम्मू, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, त्रिपुरा एवं हिमाचल आदि राज्यों में स्थित परिसरों के प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर विविध परिसरों से आए मार्गदर्शक एवं वेदव्यास परिसर के प्रो. शीश राम, प्रो. मञ्जुनाथ, डा. पुरुषोत्तम संयोजक, डा. श्याम बाबू, डा. सत्यदेव, अमित वालिया, डा. मनीष व अमर चंद आदि उपस्थित रहे।

हिमसंस्कृतवार्ताः 3 21.06.2024 शुक्रवासरः वि.सं. २०८० ज्ये
Website- www.himsanskritam.com

# योगदिवसस्य पूर्वसन्ध्यायां वेदव्यासपरिसरे राष्ट्रीययोग-प्रतियोगितायाः समापनम्




**हिमसंस्कृतवार्ताः, डॉ.अमनदीपशर्मा।**
अन्तर्राष्ट्रीययोगमहोत्सवस्य पूर्वसंध्यायां केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य वेदव्यासपरिसरे राष्ट्रिययोगप्रतियोगितायाः आयोजनं कृतम् । अस्यां स्पर्धायां विभिन्नराज्येषु स्थितस्य केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य परिसरेभ्यः प्रतिभागिनः भागं गृहीतवन्तः । अस्याः प्रतियोगितायाः आयोजनं वेदव्यासपरिसरस्य निर्देशिकायाः प्रो. सत्यमकुमार्याः अध्यक्षतायां सम्पन्नम् । पत्रकारैः सह वार्तालापस्य समये परिसरस्य निदेशिका प्रो. सत्यमकुमारी इत्यनया उक्तं यत् अन्तर्राष्ट्रीययोगदिवसस्य अवसरे विशेषकार्यक्रमस्य आयोजनस्य सौभाग्यं प्राप्तम् इति हिमाचलस्य कृते अतीव गौरवस्य क्षणः अस्ति। सा अवदत् यत् स्वास्थ्यरक्षणाय योगः अत्यावश्यकः अस्ति। नानारोगाणां चिकित्सा योगद्वारा एव सम्भवति । तदनन्तरं सा अवदत् यत् योगमहोत्सवस्य कृते भारतस्य विभिन्नराज्येभ्यः प्रतिभागिनः आगताः सन्ति। यस्मिन् मुख्यतया जम्मू, उत्तराखण्डः, उत्तरप्रदेशः, राजस्थानम्, महाराष्ट्रः, कर्नाटकम्, केरलः, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, त्रिपुरा, हिमाचलेत्यादिषु राज्येषु स्थितेभ्यः परिसरेभ्यः प्रतिभागिनः भागं गृह्णन्ति। अस्मिन् अवसरे विभिन्नपरिसरस्य मार्गदर्शकाः तथा वेदव्यासपरिसरस्य प्रो. शीश राम, प्रो. मंजुनाथः, डॉ. पुरुषोत्तमः (समन्वयक), डॉ. श्याम बाबू, डॉ. सत्यदेवः, अमित वालिया, डॉ. मनीषः डॉ.पंकजेत्यादयः उपस्थिताः आसन्।

# स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी : प्रो. सत्यम

**परागपुर (कांगड़ा)।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के पूर्व दिवस में राष्ट्रीय योग स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि योग स्वास्थ्य रक्षण के लिए अत्यावश्यक है। योग से ही विविध रोगों का उपचार संभव है। इस अवसर पर प्रो. शीश राम, प्रो. मञ्जुनाथ, डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. श्याम बाबू, डॉ. सत्यदेव, अमित वालिया, डॉ. मनीष और अमर चंद आदि उपस्थित रहे। संवाद

# योग सिर्फ व्यायाम ही नहीं, मोक्ष का मार्ग भी

गरली। योग दिवस के शुभ अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में योगासन किए। इसके उद्घाटक मुकुल कानिटकर ने योग के महात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारत देश में 18 प्रकार के सूर्य नमस्कार प्रचलन में हैं। योग का अर्थ केवल व्यायाम नहीं हैं अपितु यह तो मोक्ष पर्यंत जाने का मार्ग है। इस सत्र में अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने छात्रों से कहा कि जब तक भारत पूर्णतया विकसित नहीं हो जाता तब तक हम योग करते रहेंगेए क्योंकि योग से ही विकसित भारत बनाया जा सकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने आगे कहा कि जब तक विश्व के सभी देशों के सभी नागरिक स्वयं से प्रेरित होकर स्वयं के स्वास्थ्य लाभ के लिए योग नहीं करेंगे तब तक हम योग दिवस मनाते रहेंगे। संपूर्ति सत्र में योग स्पर्धा के विजेताओं को कुलगुरु सहित मुख्यातिथि एवं गणमान्यों ने पुरस्कृत किया। पत्रिकाओं एवं संस्कृत ओलंपियाड का विमोचन किया गया।

# योग से विभिन्न रोगों का उपचार संभव

**परागपुर :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न राज्यों में स्थित परिसरों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा किया। प्रतियोगिता वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में हुई। परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि यह हिमाचल के लिए गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशिष्ट कार्यक्रम यहां हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग से ही विभिन्न रोगों का उपचार संभव है। योग महोत्सव में जम्मू, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, दिल्ली, त्रिपुरा एवं हिमाचल स्थित परिसर के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर वेदव्यास परिसर के प्रो. शीश राम, डा. पुरुषोत्तम (संयोजक), डा. श्याम बाबू, डा. सत्यदेव, अमित वालिया व डा. मनीष उपस्थित रहे। (संसू)

**परागपुर :** योग दिवस पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर बलाहर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसके उद्घाटक मुकुल कानिटकर ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. श्री निवास वरखेड़ी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक भारत पूर्णतया विकसित नहीं हो जाता तब तक हम योग करते रहेंगे, क्योंकि योग से ही विकसित भारत बनाया जा सकता है।

**NEWSPAPERS CLIPPINGS**

**June, 2024**

शिक्षा शास्त्री चतुर्थ सैमेस्टर का परिणाम घोषित

## दीपिका रही प्रथम और दीप्ति को दूसरा स्थान



गरली/रक्कड़, 26 जून (सन्नी/आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के हिमाचल के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की छात्रा दीपिका कौशल ने समूचे देश में चल रहे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों में बी.एड. के चौथे सैमेस्टर में पहला स्थान व दीप्ति कपूर ने दूसरा स्थान हासिल किया है।

परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व बी.एड. विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शीशराम ने बताया कि बुधवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा शास्त्री चतुर्थ सत्रार्द्ध(चौथे सैमेस्टर) का परिणाम घोषित किया गया। इसमें वेदव्यास परिसर बलाहर के शिक्षा शास्त्र विभाग(बी.एड. विभाग) के 04 छात्रों ने कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में वेदव्यास परिसर की छात्रा दीपिका कौशल ने बी.एड. के शैक्षणिक सत्र 2022-24 में 2434 अंक प्राप्त कर प्रथम, दीप्ति कपूर ने 2397 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, दीपांक्षा ने 2373 अंक प्राप्त कर छठा स्थान व कार्तिकेय शर्मा ने 2359 अंक प्राप्त कर पूरे भारत में 7वां स्थान प्राप्त किया।

## बीएड में छाए केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर के होनहार



**सालबिया शर्मा, गरली**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की छात्रा दीपिका कौशल ने देश भर में चल रहे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों में बीएड के चौथे सेमेस्टर में पहला स्थान व दीप्ति कपूर ने दूसरा स्थान हासिल किया है। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शीशराम ने बताया कि 26 जून को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा बीएड चौथे सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। वेदव्यास परिसर बलाहर की छात्रा दीपिका कौशल ने बीएड में 2434 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दीप्ति कपूर ने 2397 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, दीपांक्षा ने 2373 अंक प्राप्त कर छठा स्थान व कार्तिकेय शर्मा ने 2359 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### वेदव्यास परिसर की दीपिका ने चमकाया नाम



परागपुर, गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के हिमाचल के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की छात्रा दीपिका कौशल ने समूचे देश में चल रहे केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों में बीएड के चौथे सेमेस्टर में पहला स्थान व दीप्ति कपूर ने दूसरा स्थान हासिल किया है। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शीशराम ने बताया कि 26 जून को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा शास्त्री चतुर्थ सत्र चौथे सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें वेदव्यास परिसर बलाहर के शिक्षा शास्त्र विभाग बीएड विभाग के चार छात्रों ने कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में वेदव्यासपरिसर की छात्रा दीपिका कौशल ने बीएड के शैक्षणिक सत्र 2022-24 के अंतर्गत 2434 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दीप्ति कपूर ने 2397 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, दीपांक्षा ने 2373 अंक प्राप्त कर छठा स्थान व कार्तिकेय शर्मा ने 2359 अंक प्राप्त कर पूरे भारत के समस्त परिसरों में सातवां स्थान प्राप्त किया। इन चारों छात्र-छात्राओं को परिसर के समस्त शिक्षकों व अन्य स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में नए सत्र का आगाज

**सालबिया शर्मा, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास



परिसर में शिक्षाशास्त्रविद्या शाखा के अंतर्गत प्राक शास्त्री (10+2) व शिक्षा शास्त्री (बीएड) की नए सत्रा की कक्षाएं आरंभ हो गई हैं। इस उपलक्ष में प्राक्शास्त्री एवं शिक्षाशास्त्री छात्रों का सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि परिसर की निदेशक प्रो.सत्यम कुमारी उपस्थित रहीं, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में वेदांत के विभागाध्यक्ष प्रो. मुनाथभट्ट शामिल रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएड विभाग के अध्यक्ष प्रो. शीशराम ने की। प्रो. शीशराम ने बताया कि प्राक्शास्त्री कक्षा में कुल 109 व शिक्षाशास्त्री (बीएड)प्रथम वर्ष में 39 नए छात्र-छात्राओं को दाखिला मिला है। (अनंत ज्ञान)

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में नए सत्र का आरंभ

रक्कड़ (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा के अंतर्गत प्राक शास्त्री (बारहवीं) और शिक्षा शास्त्री (बीएड) की कक्षाएं आरंभ कर दी गईं। वीरवार



को इस उपलक्ष में प्राक्शास्त्री और शिक्षाशास्त्री छात्रों का सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बतौर मुख्यातिथि परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी उपस्थित रहीं। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएड विभाग के अध्यक्ष प्रो. शीशराम ने की। निदेशिका प्रो. सत्यम कुमारी ने छात्रों को निष्ठापूर्वक अध्ययन और समय के सदुपयोग करने के लिए विशेषरूप से प्रेरित किया। वहीं, मुख्यवक्ता प्रो. मञ्जुनाथ भट्ट ने सभी नए छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान कीं और नियमित रूप से कक्षाओं में अध्ययन एवं शैक्षणिक गतिविधियों पूर्ण मनोयोग पूर्वक भाग ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। बीएड विभाग के अध्यक्ष प्रो. शीशराम ने बताया कि प्राक्शास्त्री कक्षा में कुल 109 और शिक्षा शास्त्री (बीएड) प्रथम वर्ष में 39 नए छात्र-छात्राओं को दाखिला मिला है। संवाद

# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**July, 2024**

## HIMACHAL NEWS

PAGE 1

18 जुलाई धर्मशाला, कांगड़ा हिमाचल प्रदेश

### सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में "फूड प्लैनेट हेल्थ" पर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

परागपुर, वालिया



परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी सहित अन्य स्टॉफ सदस्य

सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी (सी एस यू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन एन.एस.एस. यूनिट द्वारा "फूड प्लैनेट हेल्थ "विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।जिसमें ऑनलाइन माध्यम से गुजरात के बड़ौदा स्थित एक एन. जी.ओ. की कुमारी निज़्ज़ा ने विशेष रूप से भाग लिया।

वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सी. एस. यू. की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने की।इस ऑनलाइन सत्र में परिसर के एन. एस. एस. यूनिट के समस्त वॉलंटियर्स छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस जागरूकता सत्र का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष परिसर निदेशक व एन एस एस यूनिट के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।उसके पश्चात एक छात्र द्वारा वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस समस्त कार्यक्रम का संचालन परिसर की एन. एस. एस. इकाई के सदस्य एवं व्याकरण विषय के विद्वान डा भूपेंद्र ओझा द्वारा किया गया।

सत्र के दौरान कुमारी निज़्जा ने नॉन वेज(मांसाहार)खाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया व यह भी बताया कि इसका ग्लोबल वार्मिंग से सीधा संबंध है। यानि ग्लोबल वार्मिंग का सीधा सीधा कारण नॉन वेज और डेयरी प्रोडक्ट्स हैं।उन्होंने सबको "वीगन डाईट" लेने की सलाह दी।

वहीं कार्यक्रम के दौरान परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने भी अपने विचार सांझा किए।कार्यक्रम के अंत में परिसर की एन. एस. एस. यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी सहित शिक्षाशास्त्री विभाग के अध्यक्ष प्रो शीशराम, एन एस एस यूनिट के संयोजक कवि पंकज,प्रोग्राम ऑफिसर अमित वालिया,यूनिट के सदस्य डा मनीष कुमार, डा भूपेंद्र ओझा, डा संतोष गोडरा, तकनीकी सहायक विजय शंकर सहित एन.एस. एस. वॉलंटियर्स छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## NEWS न्यूज़ 123

Browse, Read & Share

खबर व विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9129666666

### सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में "फूड प्लैनेट हेल्थ" पर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन




ब्यूरो

सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी (सी एस यू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन एन.एस.एस. यूनिट द्वारा "फूड प्लैनेट हेल्थ "विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।जिसमें ऑनलाइन माध्यम से गुजरात के बड़ौदा स्थित एक एन. जी.ओ. की कुमारी निज़्ज़ा ने विशेष रूप से भाग लिया।

वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सी. एस. यू. की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने की। इस ऑनलाइन सत्र में परिसर के एन. एस. एस. यूनिट के समस्त वॉलंटियर्स छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।इस जागरूकता सत्र का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष परिसर निदेशक व एन एस एस यूनिट के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उसके पश्चात एक छात्र द्वारा वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस समस्त कार्यक्रम का संचालन परिसर की एन. एस. एस. इकाई के सदस्य एवं व्याकरण विषय के विद्वान डा भूपेंद्र ओझा द्वारा किया गया।

सत्र के दौरान कुमारी निज़्ज़ा ने नॉन वेज(मांसाहार)खाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया व यह भी बताया कि इसका ग्लोबल वार्मिंग से सीधा संबंध है। यानि ग्लोबल वार्मिंग का सीधा सीधा कारण नॉन वेज और डेयरी प्रोडक्ट्स हैं।उन्होंने सबको "वीगन डाईट" लेने की सलाह दी।

वहीं कार्यक्रम के दौरान परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने भी अपने विचार सांझा किए।कार्यक्रम के अंत में परिसर की एन. एस. एस. यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी सहित शिक्षाशास्त्री विभाग के अध्यक्ष प्रो शीशराम, एन एस एस यूनिट के संयोजक कवि पंकज,प्रोग्राम ऑफिसर अमित वालिया,यूनिट के सदस्य डा मनीष कुमार, डा भूपेंद्र ओझा, डा संतोष गोडरा, तकनीकी सहायक विजय शंकर सहित एन.एस. एस. वॉलंटियर्स छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### बीमारियों को लेकर किया जागरूक



बलाहर में शिविर में उपस्थित मुख्यातिथि और अन्य। संवाद

परागपुर/रक्कड़ (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में एनएसएस यूनिट की ओर से फूड प्लेनेट हेल्थ विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इसमें ऑनलाइन माध्यम से गुजरात के बड़ौदा स्थित एक एनजीओ की कुमारी निज्जा ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। कार्यक्रम का संचालन परिसर की एनएसएस इकाई के सदस्य एवं व्याकरण विषय के विद्वान डॉ. भूपेंद्र ओझा ने किया। सत्र के दौरान कुमारी निज्जा ने मांसाहार खाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। साथ ही यह भी बताया कि इसका ग्लोबल वार्मिंग से सीधा संबंध है। संवाद

### सैंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में फूड प्लैनेट हैल्थ पर हुआ जागरूकता सत्र

रक्कड़, 18 जुलाई (आनंद): सैंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार को एन.एस.एस. यूनिट द्वारा फूड प्लैनेट हैल्थ विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसमें ऑनलाइन माध्यम से गुजरात के बड़ौदा स्थित एक एन.जी.ओ. की कुमारी निज्जा ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सी.एस.यू. की निदेशक प्रोफैसर सत्यम कुमारी ने की। इस ऑनलाइन सत्र में समस्त वालंटियर्स ने भाग लिया। जागरूकता सत्र का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात एक छात्र द्वारा वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस समस्त कार्यक्रम का संचालन परिसर की एन.एस.एस. इकाई के सदस्य एवं व्याकरण विषय के विद्वान डा. भूपेंद्र ओझा द्वारा किया गया। सत्र के दौरान कुमारी निज्जा ने नॉन वैज (मांसाहार) खाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया, इसका ग्लोबल वार्मिंग से सीधा संबंध है। उन्होंने सबको वीगन डाईट लेने की सलाह दी।



रक्कड़: परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व अन्य छायाचित्र में। (आनंद)

# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**July, 2024**

FRIENDS WORLD TV News

## सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में "फूड प्लैनेट हेल्थ" पर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन



प्रागपुर 19 जुलाई (हरभजन सिंह भाटिया)- सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी (सी एस यू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन एन.एस.एस यूनिट द्वारा "फूड प्लैनेट हेल्थ "विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन माध्यम से गुजरात के बड़ौदा स्थित एक एन.जी.ओ की कुमारी निज़्ज़ा ने विशेष रूप से भाग लिया। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सी.एस.यू की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने की। इस ऑनलाइन सत्र में परिसर के एन.एस.एस यूनिट के समस्त वलंटियर्स छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।इस जागरूकता सत्र का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष परिसर निदेशक व एन एस एस यूनिट के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उसके पश्चात एक छात्र द्वारा वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस समस्त कार्यक्रम का संचालन परिसर की एन.एस.एस इकाई के सदस्य एवं व्याकरण विषय के विद्वान डा भूपेंद्र ओझा द्वारा किया गया। सत्र के दौरान कुमारी निज़्जा ने नॉन वेज (मांसाहार) खाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया व यह भी बताया कि इसका ग्लोबल वार्मिंग से सीधा संबंध है। यानि ग्लोबल वार्मिंग का सीधा सीधा कारण नॉन वेज और डेयरी प्रोडक्ट्स है। उन्होंने सबको "वीगन डाईट" लेने की सलाह दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने भी अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम के अंत में परिसर की एन.एस.एस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी सहित शिक्षाशास्त्री विभाग के अध्यक्ष प्रो शीशराम,एन एस एस यूनिट के संयोजक कवि पंकज,प्रोग्राम ऑफिसर अमित वालिया,यूनिट के सदस्य डा. मनीष कुमार डा. भूपेंद्र ओझा,डा. संतोष गोडरा,तकनीकी सहायक विजय शंकर सहित एन.एस.एस वॉलंटियर्स छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

ONE NEWS
News Paper Jalandhar
R.N.I. No- PUNPUN2011/43313
onenewsjal@gmail.com
EDITOR
RAJESH KUMAR
(M)-09888000934
जालंधर 19 जुलाई 2024 ऑनलाइन अखबार वर्ष 14 मुख्य संपादक राजेश कुमार

## सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में "फूड प्लैनेट हेल्थ" पर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन



प्रागपुर 19 जुलाई (हरभजन सिंह भाटिया)- सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी (सी एस यू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुवार के दिन एन.एस.एस यूनिट द्वारा "फूड प्लैनेट हेल्थ "विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन माध्यम से गुजरात के बड़ौदा स्थित एक एन.जी.ओ की कुमारी निज़्ज़ा ने विशेष रूप से भाग लिया। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सी.एस.यू की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने की। इस ऑनलाइन सत्र में परिसर के एन.एस.एस यूनिट के समस्त वलंटियर्स छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।इस जागरूकता सत्र का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष परिसर निदेशक व एन एस एस यूनिट के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उसके पश्चात एक छात्र द्वारा वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस समस्त कार्यक्रम का संचालन परिसर की एन.एस.एस इकाई के सदस्य एवं व्याकरण विषय के विद्वान डा भूपेंद्र ओझा द्वारा किया गया। सत्र के दौरान कुमारी निज़्जा ने नॉन वेज (मांसाहार) खाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया व यह भी बताया कि इसका ग्लोबल वार्मिंग से सीधा संबंध है। यानि ग्लोबल वार्मिंग का सीधा सीधा कारण नॉन वेज और डेयरी प्रोडक्ट्स है। उन्होंने सबको "वीगन डाईट" लेने की सलाह दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने भी अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम के अंत में परिसर की एन.एस.एस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी सहित शिक्षाशास्त्री विभाग के अध्यक्ष प्रो शीशराम,एन एस एस यूनिट के संयोजक कवि पंकज,प्रोग्राम ऑफिसर अमित वालिया,यूनिट के सदस्य डा. मनीष कुमार डा. भूपेंद्र ओझा,डा. संतोष गोडरा,तकनीकी सहायक विजय शंकर सहित एन.एस.एस वॉलंटियर्स छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
MON,22 JULY 2024
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 2

## सैंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

रक्कड़, 21 जुलाई (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने की। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आई.आई.टी. मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता के व्यावहारिक पक्ष को विद्यार्थियों के समक्ष रखा और मोक्ष का मार्ग दिखाने वाले गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी परिसरों ने अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। स्वामी परमानंद महाराज की पूजा-अर्चना से वेदव्यास परिसर पावन हुआ और गुरु महिमा की परम्परा का भी परिपालन किया गया। इस दौरान परिसरीय प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



रक्कड़ : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित गण्यमान्य लोग। (आनंद)

डिजिटल अखबार
नया सवेरा
प्रदेश की हर खबर पर नजर
@nayasaveratv
nayasaveranewsportal@gmail.com
+91 80913 36036

## सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मनाया गया गुरुपूर्णिम महोत्सव





नया सवेरा ब्यूरो:देहरा

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवासवरखेड़ी ने की। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में आई आई टी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के व्यवहारिक पक्ष को छात्रों के सामने रखा और मोक्ष का मार्ग दिखाने वाले गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी परिसरों ने अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। जिससे विविध राज्यों की संस्कृति एवं भव्य भारत का दर्शन सम्भव हो पाया। कार्यक्रम में सारस्वतातिथि के रूप में होशियारपुर स्थित साधु आश्रम से प्रो. रितु बाला उपस्थित रही। साथ ही स्वामी परमानन्द जी महाराज की पूजा अर्चना से वेदव्यास परिसर पावन हुआ एवं गुरु महिमा की परम्परा का भी परिपालन किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वेदव्यास की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन से हमारा परिसर स्वयं का धन्य मानता है।इस अवसर पर परिसरीय छात्रों ने विविध उपहारों के द्वारा प्राध्यापकों को सम्मानित किया। इस दौरान परिसरीय प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**July, 2024**

## सीएसयू में धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा

सालबिया शर्मा, गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का सफल आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवासवरखेड़ी ने की। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में आई आई टी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीमद्भ भगवत के व्यवहारिक पक्ष को छात्रों के सामने रखा और मोक्ष का मार्ग दिखाने वाले गुरु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में सारस्वतातिथि के रूप में होशियारपुर स्थित साधु आश्रम से प्रो. रितु बाला उपस्थित रहीं। स्वामी परमानंद महाराज की पूजा-अर्चना से वेदव्यास परिसर पावन हुआ एवं गुरु महिमा की परंपरा का भी पालन किया गया। (अनंत ज्ञान)

## सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी की एन एस एस यूनिट की वार्षिक बैठक सम्पन्न






संवाददाता। परागपुर ब्यूरो

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय(सी.एस.यू.) नई दिल्ली के तत्वाधान में हिमाचल के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की एन एस एस (राष्ट्रीय सेवा योजना)इकाई की वार्षिक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसमें एन. एस. एस.यूनिट वेदव्यास परिसर के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया व संयोजक कवि पंकज विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में इस वर्ष हेतु एन एस एस की परिसरीय कई गतिविधियों को लेकर निर्णय लिए गए।बैठक में तय किया गया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार इस वर्ष कुल 200 एन एस एस स्वयंसेवियों में से 50 एस सी व 11 एस टी और 139 अन्य वर्गों से स्वयंसेवी छात्र छात्राएं को वेदव्यास परिसर की एन एस एस यूनिट में रखा जायेगा।वहीं निर्णय लिया गया कि इस वर्ष परिसर से कम से कम 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित किसी भी इलाके में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही 8000 रुपए के नए उपकरण भी एन एस एस यूनिट की तरफ से खरीदे जाएंगे।

वहीं कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने बताया कि इस वर्ष परिसर की एन एस एस टीम में शामिल होने के लिए कल यानी 26 जुलाई से गूगल फॉर्म के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं को लिंक भेज दिया जाएगा,जिसके तहत इच्छुक छात्र छात्राएं आगामी 15 अगस्त तक इस फॉर्म को भर कर जमा करवा सकते हैं।

इस अवसर पर वेदव्यास परिसर की एन एस एस यूनिट के संयोजक कवि पंकज कुमार व कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया सहित सदस्य डा मनीष कुमार, डा भूपेंद्र ओझा, डा राजन मिश्र, डा संतोष गोडरा व प्रमोद कुमार भी उपस्थित रहे।

## सैंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी की एन.एस.एस. यूनिट की हुई बैठक

रक्कड़, 25 जुलाई (आनंद) केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सी.एस.यू.) नई दिल्ली के तत्वाधान में हिमाचल के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई की वार्षिक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया और संयोजक कवि पंकज विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में इस वर्ष हेतु एन.एस.एस. की परिसरीय गतिविधियों को लेकर निर्णय लिए गए। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष परिसर से कम से कम 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित किसी भी इलाके में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**HIMACHAL NEWS** PAGE 1

25 जुलाई धर्मशाला, कांगड़ा हिमाचल प्रदेश

## सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी की एन एस एस यूनिट की वार्षिक बैठक सम्पन्न

परागपुर, वालिया



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय(सी.एस.यू.) नई दिल्ली के तत्वाधान में हिमाचल के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की एन एस एस (राष्ट्रीय सेवा योजना)इकाई की वार्षिक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसमें एन. एस. एस.यूनिट वेदव्यास परिसर के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया व संयोजक कवि पंकज विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में इस वर्ष हेतु एन एस एस की परिसरीय कई गतिविधियों को लेकर निर्णय लिए गए।बैठक में तय किया गया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार इस वर्ष कुल 200 एन एस एस स्वयंसेवियों में से 50 एस सी व 11 एस टी और 139 अन्य वर्गों से स्वयंसेवी छात्र छात्राएं को वेदव्यास परिसर की एन एस एस यूनिट में रखा जायेगा।वहीं निर्णय लिया गया कि इस वर्ष परिसर से कम से कम 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित किसी भी इलाके में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही 8000 रुपए के नए उपकरण भी एन एस एस यूनिट की तरफ से खरीदे जाएंगे।

वहीं कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने बताया कि इस वर्ष परिसर की एन एस एस टीम में शामिल होने के लिए कल यानी 26 जुलाई से गूगल फॉर्म के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं को लिंक भेज दिया जाएगा,जिसके तहत इच्छुक छात्र छात्राएं आगामी 15 अगस्त तक इस फॉर्म को भर कर जमा करवा सकते हैं।

इस अवसर पर वेदव्यास परिसर की एन एस एस यूनिट के संयोजक कवि पंकज कुमार व कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया सहित सदस्य डा मनीष कुमार, डा भूपेंद्र ओझा, डा राजन मिश्र, डा संतोष गोडरा व प्रमोद कुमार भी उपस्थित रहे।

# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**July, 2024**

News123
26th July 2024
9129666666

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया कारगिल दिवस

खबर व विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9129666666

परागपुर (वालिया) केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में शुक्रवार को कारगिल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि निकटवर्ती लोअर सुनहेत के शहीद सुरजीत सिंह दढ्वाल के पिता हुक्म सिंह उपस्थित रहे व वशिष्ठ तिथि के रूप में निकटवर्ती गांव मसोट के सेवानिवृत कर्नल मस्तान सिंह ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

वेदव्यास परिसर के सभागार में हुए कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत कर्नल मस्तान सिंह ने 1997 को कारगिल में हुए युद्ध के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, उन्होंने बताया कि कैसे-कैसे भारतीय सेना ने पाकिस्तान सेना द्वारा अपने कब्जे में लिए कारगिल के कुछ इलाकों को कैसे अपने कब्जे में लेकर जीत का झंडा फहराया था। उस समय देश के 500 से ज्यादा जवान शहीद हुए थे।

इस अवसर पर परिसर के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर शीशराम ने भी अपने विचार रखे। मूलत राजस्थान के रहने वाले प्रोफेसर शीशराम ने बताया कि देशभर में सबसे ज्यादा भारतीय सेना के जवान राजस्थान के झुनझुनू जिला के हैं व दूसरे नंबर पर हिमाचल के कांगड़ा जिला के हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि को परिसर प्रशासन द्वारा शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के अंत में वेदांत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मंजूनाथ ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

वहीं इस मौके पर परिसर की एनएसएस यूनिट व पर्यावरण कमेटी ने कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया व संयोजक कवि पंकज की उपस्थिति में पौधारोपण भी किया। इसके अंतर्गत परिसर के इर्द गिर्द कई फलदार व औषधीय पौधे रोपे गए।

इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक,कर्मचारी व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



**कर्नल मस्तान सिंह ने 1997 को कारगिल में हुए युद्ध के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, उन्होंने बताया कि कैसे-कैसे भारतीय सेना ने पाकिस्तान सेना द्वारा अपने कब्जे में लिए कारगिल के कुछ इलाकों को कैसे अपने कब्जे में लेकर जीत का झंडा फहराया था।**

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में वेदांत की संगोष्ठी

परागपुर, गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में वेदांत विभाग की एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालयष् हरिद्वार के वेदांत विभाग के सहायकाचार्य आदित्य प्रकाश ने वेदांत में 'जीव स्वरूप' पर अपने विचार पस्तुत किए। वेदांत विषय के सहायकाचार्य डा. रघुवीर राज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अदित्य प्रकाश ने जीवात्मा की आत्मा के स्वरूप की एकता का प्रतिपादन करते हुए आस्तिक नास्तिक दर्शनों में जीव का क्या स्वरूप है। वेदांत जीव ब्रह्म की एकता का प्रतिपादन करता है। जीव ब्रह्म भाव को कैसे प्राप्त होता है इसका भी उन्होंने उल्लेख किया। इस संगोष्ठी में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के निदेशक प्रोण्सत्यम कुमारी ने सर्व दर्शनों में जीव संप्रत्यय मोक्ष प्राप्ति के साधन पर विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी सहित वेदांत विभागाध्यक्ष प्रो. मंजूनाथ भट्ट, शिक्षा शास्त्री विभागाध्यक्ष प्रो. शीशराम व वेदांत विभाग के समस्त सहायकाचार्य एवं छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।

## केंद्रीय संस्कृत वि.वि. में संगोष्ठी का आयोजन

रक्कड़, 30 जुलाई (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में वेदांत विभाग की संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार के वेदांत विभाग के सहायकाचार्य आदित्य प्रकाश ने अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने जीव संप्रत्यय मोक्ष प्राप्ति के साधन पर चर्चा की। संगोष्ठी का क्रियान्वयन वेदान्त विभाग के अध्यक्ष प्रो. मंजूनाथ भट्ट जबकि कार्यक्रम का संचालन डा. प्रिंस चक्रवर्ती ने किया।

**NEWSPAPERS CLIPPINGS**

**July, 2024**

आपका फैसला

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में वेदांत की संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**प्रागपुर,( आपका फैसला )।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में वेदांत विभाग की एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार के वेदांत विभाग के सहायकाचार्य आदित्य प्रकाश ने वेदांत में जीव स्वरूप पर अपने विचार पस्तुत किए। वेदांत विषय के सहायकाचार्य डा रघु बी राज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।अदित्य प्रकाश ने जीवात्मा की आत्मा के स्वरूप की एकता का प्रतिपादन करते हुए आस्तिक नास्तिक दर्शनों में जीव का क्या स्वरूप है इसका सम्यक रूप से प्रतिपादन किया।उन्होंने बताया कि वेदांत जीव ब्रह्म की एकता का प्रतिपादन करता है जीव ब्रह्म भाव को कैसे प्राप्त होता है इसका भी उन्होंने उल्लेख किया। इस संगोष्ठी में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के निदेशक प्रो.सत्यम कुमारी ने सर्व दर्शनों में जीव संप्रत्यय मोक्ष प्राप्ति के साधन पर विशेष रूप से चर्चा की। इस संगोष्ठी का क्रियान्वयन वेदान्त विभाग के अध्यक्ष प्रो मंजूनाथ भट्ट ने किया। संगोष्ठी के इस कार्यक्रम का संचालन डा प्रिंस चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम के अंत में डा राजन मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी सहित वेदांत विभागाध्यक्ष प्रो मंजूनाथ भट्ट,शिक्षा शास्त्री विभागाध्यक्ष प्रो शीशराम व वेदांत विभाग के समस्त सहायकाचार्य एवं छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे।

## केंद्रीय संस्कृत विवि में वेदांत पर संगोष्ठी

**रक्कड़ (कांगड़ा)।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में वेदांत विभाग की एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार के वेदांत विभाग के सहायकाचार्य आदित्य प्रकाश ने वेदांत में जीव स्वरूप पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वेदांत विषय के सहायकाचार्य डॉ. रघु बी राज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संवाद

## वेदव्यास में गुणवत्ता आश्वसन समिति ने की बैठक

**परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक हुई, जिसका आयोजन परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। समिति के संयोजक डा. मनोज श्रीमाल ने बैठक का आरंभ किया। इस बैठक में परिसर के आंतरिक गुणवत्ता हेतु विभिन्न पक्षों पर गंभीरता से चर्चा हुई, जिसमें मुख्य रूप से परिसर की आधारभूत संरचना के सुधार एवं निर्माण पर आम सहमति नजर आई, वहीं परिसर में छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुस्तकालय के नए भवन निर्माण हेतु भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त छात्रों की सुविधाओं के लिए प्रत्येक क्लास रूम में डिजिटल बोर्ड एवं नए पंखे लगवाने पर भी विचार किया गया। बैठक के समापन पर समिति के सचिव विक्रमजीत ने सबका धन्यवाद किया।

## NEWSPAPERS CLIPPINGS

**August, 2024**

### सी एस यू में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति(आई क्यू एस सी)की हुई पहली वार्षिक बैठक




केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक हुई। जिसका आयोजन परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। समिति के संयोजक डा मनोज श्रीमाल ने बैठक का आरंभ किया। इस बैठक में परिसर के आंतरिक गुणवत्ता हेतु विभिन्न पक्षों पर गंभीरता से चर्चा हुई।जिसमें मुख्य रूप से परिसर की आधारभूत संरचना के सुधार एवं निर्माण पर आम सहमति नजर आई।

वहीं परिसर में छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुस्तकालय के नए भवन निर्माण हेतु भी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त छात्रों की सुविधाओं के लिए प्रत्येक क्लास रूम में डिजिटल बोर्ड एवं नए पंखे लगवाने पर भी विचार किया गया। बैठक के समापन पर समिति के सचिव विक्रमजीत ने सबका धन्यवाद किया।बैठक के दौरान आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति के समस्त सदस्य,समस्त विभागाध्यक्ष,अनुभाग अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### अच्छी सेहत पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में व्याख्यान

ढलियारा, 9 अगस्त (स.ह.): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में सेहत अपने हाथों में विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक डा. गुरिन्द्र सिंह ने दर्द को बिना दवाइयों के कैसे ठीक कर सकते हैं, इस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

डा. सिंह ने अपने उद्बोधन में तनाव और दर्द प्रबंधन के लिए कई प्राकृतिक और गैर-औषधीय उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ध्यान, योग, एक्युप्रैशर और विभिन्न व्यायामों के महत्व पर बल दिया। वहीं उच्च रक्तचाप और कमर दर्द जैसी आम समस्याओं के लिए फिजियोथैरेपी के लाभों पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने डा. सिंह के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया जहां उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्ष, सहायकाचार्य, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अच्छी सेहत पर केंद्रीय संस्कृत विवि में व्याख्यान

परागपुर : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में सेहत अपने हाथों में विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सक डा. गुरिंद्र सिंह ने दर्द को बिना दवाइयों के कैसे ठीक कर सकते हैं" इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डा. सिंह ने तनाव और दर्द प्रबंधन के लिए कई प्राकृतिक और गैर-औषधीय उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ध्यान, योग, एक्युप्रेशर, और विभिन्न व्यायामों के महत्व पर बल दिया। वहीं उच्च रक्तचाप और कमर दर्द जैसी आम समस्याओं के लिए फिजियोथेरेपी के लाभों की भी चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने डा. सिंह के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया। जहां उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी, विभिन्न विषयों के विभागाध्यक्ष, सहायकाचार्य, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे। (सम्)

**NEWSPAPERS CLIPPINGS**

**September, 2024**

## 10 दिवसीय सरल संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन

### परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

रक्कड़, 3 सितम्बर (आनंद) : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर की सरल मानक संस्कृत अनुष्ठान समिति, आन्तरिक गुणवत्ता प्रत्यायन प्रकोष्ठ एवं परिसरीय समस्त विभागों के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय सरल संस्कृत सम्भाषण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ।

समारोह में मुख्यातिथि शिक्षाशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. शीशराम व विशिष्टातिथि वेदांत विभागाध्यक्ष प्रो. मंजूनाथ एस.जी. भट्ट रहे। वहीं सारस्वतातिथि के रूप में व्याकरण विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीनाथधर द्विवेदी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। इस मौके पर डॉ. भूपेन्द्र कुमार ओझा, डॉ. गोविंद शुक्ल, डॉ. शैलेश कुमार तिवारी, डॉ. दीपकुमार, डॉ. मनोज श्रीमाल, डॉ. विजय सिंह मीना व डॉ. के. मनोज्ञा आदि उपस्थित रहे।

## टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न



**अनंत ज्ञान, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत एक सप्ताह से चल रही टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार के दिन विधिवत रूप से समापन कर दिया गया। कार्यशाला संयोजक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला में परिसर के छात्रों सहित हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने टांकरी लिपि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रकाशन विभाग के निदेशक प्रो.काशीनाथ न्यौपाने ने शिरकत की।उन्होंने लिपियों की रक्षा करने का आग्रह किया। सत्र के अध्यक्ष शिक्षा शास्त्री(बी एड)विभाग के संयोजक प्रो.शीशराम ने टांकरी लिपि को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के सहसंयोजक डॉ चक्रपाणि पोखरेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।वहीं बी एड विभाग के सहायकाचार्य डॉ हरिओम ने सभी मुख्यातिथि सहित समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।समापन कार्यक्रम के दौरान डॉ रघु वी राज ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## बलाहर वेदव्यास में संस्कृत संभाषण शिविर का समापन

गरली। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में दस दिन से चल रहे सरल संस्कृत संभाषण शिविर का बुधवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। यह शिविर आचार्य प्रथम वर्ष व शास्त्री प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिससे वे संस्कृत संभाषण में निपुण हो सकें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह रहा कि समस्त कार्यक्रम का संचालन इस दस दिवसीय शिविर में भागग्रहण करने वाले प्रशिक्षित विद्यार्थियों ने स्वयं किया। प्रशिक्षकों में डा. रूप लाल शर्मा, डा. यज्ञदत्त, निशांत, टेकचंद, मोहित शर्मा व सीमा आदि ने दस दिवस तक संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण प्रदान किया। उपरोक्त जानकारी शिविर के संयोजक व व्याकरण सहायकाचार्य डा. भूपेंद्र ओझा ने दी।

## टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला सम्पन्न

ढलियारा, 6 सितम्बर (नि.स.): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत एक सप्ताह से चल रही टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यशाला संयोजक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला में परिसर के छात्रों सहित हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने टांकरी लिपि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रकाशन विभाग के निदेशक प्रो. काशीनाथ न्यौपाने ने शिरकत की। उन्होंने लिपियों की रक्षा करने का आग्रह किया। सत्र के अध्यक्ष शिक्षा शास्त्री प्रो. शीशराम ने टांकरी लिपि को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**September, 2024**

## टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**परागपुर,( आपका फैसला )।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत एक सप्ताह से चल रही टांकरी लिपि की राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार के दिन विधिवत रूप से समापन कर दिया गया। कार्यशाला संयोजक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला में परिसर के छात्रों सहित हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने टांकरी लिपि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं, कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रकाशन विभाग के निदेशक प्रो.काशीनाथ न्यौपाने ने शिरकत की। उन्होंने लिपियों की रक्षा करने का आग्रह किया। सत्र के अध्यक्ष शिक्षा शास्त्री( बी एड)विभाग के संयोजक प्रो.शीशराम ने टांकरी लिपि को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के सहसंयोजक डॉ चक्रपाणि पोख्रेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।वहीं बी एड विभाग के सहायकाचार्य डॉ हरिओम ने सभी मुख्यातिथि सहित समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।समापन कार्यक्रम के दौरान डॉ रघु वी राज ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

पंजाब केसरी
TUE, 10 SEPTEMBER 2024
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 2

चुना गया।

## वेदांत विषय पर हुआ राष्ट्रीय सैमीनार

रक्कड़, 9 सितम्बर (आनंद): सैंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी के प्रागपुर के निकटवर्ती बलाहर गांव में स्थित वेद व्यास परिसर में अद्वैत वेदांत विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सैमीनार का आयोजन किया गया। "उपनिषद में निहित आख्यायिकाओं में दार्शनिक चिंतन का व्यावहारिक उपादेयता" विषय पर हुए सैमीनार में बतौर मुख्यातिथि सी.एस.यू. के पूर्व कुलपति प्रो. के.बी. सुब्बरायुडू ने शिरकत की। विभिन्न विश्वविद्यालयों से शोध पत्र वाचन भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के.बी. सुब्बारायुडू ने अस्थिरता और स्थिरता के विषय में बताया।

NEWS 123 न्यूज़
Browse, Read & Share
खबर व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9129666666



## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर ने मनाया स्थापना दिवस





संवाददाता | परागपुर वालिया

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने शिरकत की व विशिष्ट अतिथिके रूप में वेदांत विषय के विभागाध्यक्ष प्रो मंजू नाथ भट्ट शामिल हुए। परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने बताया कि वर्ष 1997 में गरली गांव के राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय के मात्र ढाई कमरों में यह विश्वविद्यालय केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से प्रारंभ किया गया था।करीब 14 वर्षों के वनवास के पश्चात वर्ष 2012 में बालहर में इस शिक्षण संस्थान को अपना भवन मिला। वर्तमान समय में एक हजार से अधिक छात्र छात्राएं यहां संस्कृत के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

परिसर निदेशक के अनुसार इस संस्था को इस क्षेत्र में लाने का श्रेय तत्कालीन शिक्षा मंत्री नारायण चंद पाराशर को जाता है। उनके अथक प्रयासों से ही आज यह संस्कृत विद्यापीठ वर्तमान में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के रूप में हिमाचल में ही नहीं अपितु समूचे भारत में अपने संस्कृत ज्ञान की पताका को पहरा रहा है।संस्कृत के विभिन्न विषयों साहित्य,व्याकरण,ज्योतिष,वेदांत व कर्मकांड के साथ साथ यहां आधुनिक विषय जैसे कंप्यूटर साईंस,अंग्रेजी,हिंदी,इतिहास आदि विषय भी यहां पढ़ाए जाते हैं। परिसर के स्थापना दिवस समारोह के दौरान परिसर के समस्त शिक्षक,कर्मचारी व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

SETHI
INSURANCE ADVISOR
HDFC ERGO
Take it easy!
digit
All type of vehicle insurance, health insurance etc.
DHALIARA
7807860000
9129091290

## केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी ने मनाया स्थापना दिवस

**गरली ।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर गरली स्थित बलाहर में स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने शिरकत की व विशिष्ट अतिथि के रूप में वेदांत विषय के विभागाध्यक्ष प्रो मंजू नाथ भट्ट शामिल हुए। परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने बताया कि वर्ष 1997 में गरली गांव के गर्ल्ज स्कूल के मात्र अढ़ाई कमरों में यह विश्वविद्यालय केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से प्रारंभ किया गया था। कवर्तमान समय में एक हजार से अधिक छात्र छात्राएं यहां संस्कृत के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।संस्कृत के विभिन्न विषयों साहित्यए, व्याकरण, ज्योतिष, वेदांत व कर्मकांड के विषय पढ़ाए जाते हैं।

**NEWSPAPERS CLIPPINGS**

**September, 2024**

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर में मनाया स्थापना दिवस

रक्कड़, 17 सितम्बर (आनंद): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने शिरकत की व विशिष्ट अतिथि के रूप में वेदांत विषय के विभागाध्यक्ष प्रो मंजू नाथ भट्ट शामिल हुए। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बताया कि वर्ष 1997 में गरली गांव के राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय के मात्र अढ़ाई कमरों में यह विश्वविद्यालय केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से प्रारंभ किया गया था। करीब 14 वर्षों के पश्चात वर्ष 2012 में बालहर में संस्थान को अपना भवन मिला। वर्तमान समय में एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं यहां संस्कृत के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस मौके पर शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

## वेदव्यास परिसर ने मनाया स्थापना दिवस

परागपुर (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में वेदांत विषय के विभागाध्यक्ष प्रो. मंजू नाथ भट्ट शामिल हुए।

निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने बताया कि वर्ष 1997 में गरली गांव के राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय के मात्र ढाई कमरों में यह विश्वविद्यालय केंद्रीय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से प्रारंभ किया गया था। करीब 14 वर्षों के वनवास के पश्चात वर्ष 2012 में बलाहर में इस शिक्षण संस्थान को अपना भवन मिला। संवाद

डिजिटल अखबार

**नया सवेरा**

प्रदेश की हर खबर पर नजर

@nayasaveratv nayasaveranewsportal@gmail.com +91 80913 36036

18-09-2024, देहरा , हिमाचल प्रदेश | नया सवेरा | देहरा, कांगड़ा,हिमाचल प्रदेश

## हिन्दी पखवाड़ा में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन





केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में इन दिनों हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं चल रही हैं।

बुधवार को इस उपलक्ष्य में स्व-रचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें व्याकरण विभाग के अध्यक्ष डॉ.श्रीनाथधर द्विवेदी, ज्योतिष विभाग के सहायकाचार्य डॉ.शैलेश तिवारी व साहित्य के सहायकाचार्य कवि पंकज निर्णायक रहे।

कार्यक्रम में इन निर्णायकों ने नारी सशक्तिकरण विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।वहीं व्याकरण के सहायकाचार्य डॉ.महात्मा वीणापाणि ने स्व-रचित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान हिंदी पखवाड़े के संयोजक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डा ओमप्रकाश सहनी, सह संयोजक डा पीयूष त्रिपाठी सहित विभिन्न विषयों के आचार्य एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# NEWSPAPERS CLIPPINGS

**September, 2024**




## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया एन एस एस का स्थापना दिवस






*नया सवेरा ब्यूरो/ देहरा: केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस)का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीशनल सुपरीटेंडेंट ऑफ पुलिस(ए.एस.पी.) ऊना संजीव भाटिया शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत कॉलेज जंगला रोहडू की हिंदी विषय की सहायकाचार्य डॉ सुनीता भारद्वाज उपस्थित हुईं। मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) के कार्यक्रम अधिकारी एवं कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ अमित वालिया ने आए हुए अतिथियों का परिचय करवाया व स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं एन एस एस संयोजक कवि पंकज ने वेदव्यास परिसर की एनएसएस यूनिट की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उसके पश्चात वेदव्यास परिसर के छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।*

*अपने संभाषण के दौरान कार्यक्रम की मुख्यातिथि एसडीएम देहरा शिल्पी बेटा ने परिसर के छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए कई टिप्स दिए व कानून की विभिन्न धाराओं की जानकारी भी प्रदान की। वहीं विशिष्ट तिथि ए एस पी ऊना संजीव भाटिया ने अपने भाषण में बताया कि वह कितनी मेहनत से पुलिस विभाग के इस पद पर पहुंचे हैं व वेदव्यास परिसर के छात्र-छात्राओं को भी मेहनत करके जिंदगी में एक अच्छा मुकाम हासिल करने की प्रेरणा दी।*

*वहीं अध्यक्षीय भाषण में परिसर निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए परिसर की एनएसएस यूनिट को बधाई दी। वहीं एन एस एस सदस्य एवं अंग्रेजी विषय के सहायकाचार्य डॉ मनीष कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर परिसर की एन. एस. एस. ईकाई के समस्त सदस्य एवं शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।*

## NEWSPAPERS CLIPPINGS

**September, 2024**

NEWS न्यूज़ 123
Browse, Read & Share
खबर व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9129666666

# संस्कृत विश्वविद्यालय में धूमधाम से हुआ हिंदी पखवाड़े का समापन



**परागपुर (वालिया)**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत 14 दिनों से चल रहे हिंदी पखवाड़े का शुक्रवार को धूमधाम के साथ समापन कर दिया गया।इस उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायकाचार्य डॉ प्रीति सिंह शामिल हुईं।कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निदेशक एवं बी एड विभाग के अध्यक्ष प्रो शीशराम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन परिसर के छात्रों द्वारा किया गया।हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश साहनी ने अतिथि परिचय करवाया व उनको स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।मुख्यातिथि ने अपने संभाषण के दौरान हिंदी भाषा का महत्त्व बताते हुए कहा कि हिंदी एक इंडो-आर्यन भाषा है, जो लगभग 260 मिलियन लोगों द्वारा बोली जाती है। यह दुनिया में चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस भाषा का प्रयोग भारत और प्रवासी भारतीयों की तरफ से सबसे ज्यादा किया जाता है। भारत में एक लोकप्रिय भाषा होने के साथ-साथ यह अंतर्राष्ट्रीय संचार के लिए भी एक महत्वपूर्ण भाषा बन गई है।वहीं परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी व उप निदेशक एवं बी. एड. विभागाध्यक्ष प्रो शीश राम ने हिंदी भाषा से संबंधित अपने अपने विचार रखे। विगत 14 दिनों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया।इन सब प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु हिंदी विषय के सहायकाचार्य डॉ पीयूष त्रिपाठी की अहम भूमिका रही।कंप्यूटर विषय के विभागाध्यक्ष अमित वालिया द्वारा प्रस्तुत किए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।इस अवसर पर परिसर के समस्त शिक्षक,कर्मचारी और काफी संख्या में छात्र छात्राएं भी मौजूद रहे।







SETHI INSURANCE ADVISOR
digit
HDFC ERGO
Contact for
All type of vehicle insurance, health insurance etc.
SPECIAL DISCOUNT ON COMMERCIAL VEHICLE
C/o Sethi Jewellers & Sons Dhaliara
Mob. : 7807860000, 9129091290

# संस्कृत विश्वविद्यालय में धूमधाम से हुआ हिंदी पखवाड़े का समापन

**सवेरा न्यूज/गगन सूद**

प्रागपुर, 27 सितम्बर : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत 14 दिनों से चल रहे हिंदी पखवाड़े का शुक्रवार को धूमधाम के साथ समापन कर दिया गया। इस उपलक्ष्य में एक कार्यक्र म आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायकाचार्य डॉ. प्रीति सिंह शामिल हुईं। कार्यक्र म की अध्यक्षता वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निदेशक एवं बी एड विभाग के अध्यक्ष प्रो शीशराम उपस्थित रहे। कार्यक्र म का संचालन परिसर के छात्रों द्वारा किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश साहनी ने अतिथि परिचय करवाया व उनको स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्र म भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने अपने संभाषण के दौरान हिंदी भाषा का महत्व बताते कहा कि हिंदी एक इंडो-आर्यन भाषा है, जो लगभग 260 मिलियन लोगों द्वारा बोली जाती है। यह दुनिया में चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस भाषा का प्रयोग भारत और प्रवासी भारतीयों की तरफ से सबसे ज्यादा किया जाता है। भारत में एक लोकप्रिय भाषा होने के साथ-साथ यह अंतर्राष्ट्रीय संचार के लिए भी एक महत्वपूर्ण भाषा बन गई है। वहीं परिसर निदेशक प्रो सत्यम कुमारी व उप निदेशक एवं बी. एड. विभागाध्यक्ष प्रो शीश राम ने हिंदी भाषा से संबंधित अपने अपने विचार रखे।विगत 14 दिनों में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। इन सब प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु हिंदी विषय के सहायकाचार्य डॉ. पीयूष त्रिपाठी की अहम भूमिका रही। कंप्यूटर विषय के विभागाध्यक्ष अमित वालिया द्वारा प्रस्तुत किए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया।

**NEWSPAPERS CLIPPINGS**

**September, 2024**

शनिवार SATURDAY, 28 सितम्बर 2024

## न्यूज ब्रीफ

### संस्कृत विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का समापन

ढलियारा, 27 सितम्बर (नि.स.) : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में 14 दिनों से चल रहे हिंदी पखवाड़े का शुक्रवार को समापन हुआ। इस उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की सहायकाचार्य डॉ. प्रीति सिंह शामिल हुईं।कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपनिदेशक एवं बी.एड. विभाग के अध्यक्ष प्रो. शीश राम उपस्थित रहे। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश साहनी ने अतिथि परिचय करवाया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने अपने संभाषण के दौरान हिंदी भाषा का महत्त्व बताते हुए कहा कि हिंदी एक इंडो-आर्यन भाषा है, जो लगभग 260 मिलियन लोगों द्वारा बोली जाती है। यह दुनिया में चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।

## संस्कृत विवि में हिंदी पखवाड़े का समापन

**अनंत ज्ञान, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में विगत 14 दिनों से चल रहे हिंदी पखवाड़े का शुक्रवार को धूमधाम के साथ समापन कर दिया गया। इस उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायकाचार्य डॉ प्रीति सिंह शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी ने की।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निदेशक एवं बी एड विभाग के अध्यक्ष प्रो शीशराम उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

**NEWSPAPERS CLIPPINGS**

**October, 2024**

दैनिक सवेरा टाइम्स
हिमाचल
5 शिमला, वीरवार, 3 अक्तूबर 2024
www.dainiksaveratimes.com

## सी. एस. यू. में स्वच्छता अभियान के साथ ही स्वच्छता पखवाड़े का हुआ समापन



**सवेरा न्यूज/गगन सूद, प्रागपुर :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के अद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्र म राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ परिसरीय स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परिसर के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहे। एनएसएस के समन्वयक कवि पंकज ने कहा कि पिछले पन्द्रह दिनों से स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन परिसर में किया जा रहा है। वहीं परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार परिसर में सभी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। स्वच्छता पखवाड़े में भी सभी निर्धारित नियमों का पालन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता समिति के संयोजक विक्र मजीत सहित सभी स्वच्छता कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
ई-पेपर

## सी.एस.यू. में स्वच्छता पखवाड़े का समापन

**रक्कड़, (आनंद):** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर परिसर के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहे। एन.एस.एस. के समन्वयक कवि पंकज ने कहा कि पिछले 15 दिनों से स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन परिसर में किया जा रहा है।

गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के पखवाड़े का समापन समारोह भी आयोजित हुआ। वहीं परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार परिसर में सभी गतिविधियां

## केन्द्रीय संस्कृत वि.वि. में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

रक्कड़, 16 अक्तूबर (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में 17 अक्तूबर से 2 दिवसीय पुस्तकालय सैमीनार का आयोजन किया जा रहा है। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी और पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुद्धार: संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देशभर के विशेषज्ञ, पुस्तकालय अध्यक्ष, शिक्षाविद् और शोधार्थी भाग लेंगे।

## बलाहर में पुस्तकालीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**परागपुर :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में 17 व 18 अक्टूबर को पुस्तकालीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि एनईपी 2020 के संदर्भ में "शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुद्धार संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर के विशेषज्ञ, पुस्तकालय अध्यक्ष, शिक्षाविद व शोधार्थी भाग लेंगे। संगोष्ठी का आरंभ 17 अक्टूबर को दिन में 10 बजे होगा। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के पुस्तकालय अध्यक्ष डा. विक्रम कुमार शर्मा व विशेष अतिथि पुस्तकालय विभागाध्यक्ष डा. शिवराम राव होंगे। मुख्य वक्ता गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर से डा. हरीश चंद्र व सीएसयू देवप्रयाग से नवीन डोबरियाल होंगे। (संसू)

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में होगा पुस्तकालीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



**डाडासीबा,( आपका फैसला )।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलहर स्थित वेदव्यास परिसर में 17 तारीख से दो दिवसीय पुस्तकालय सेमिनारका आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद व्यास परिसर की निदेशक प्रो सत्यम कुमारी व पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि एन ई पी 2020 के संदर्भ में शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुद्धार: संभावनाएँ और चुनौतियाँ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश भर के विशेषज्ञ, पुस्तकालयाध्यक्ष, शिक्षाविद् और शोधार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विक्रम कुमार शर्मा (पुस्तकालयाध्यक्ष, केन्द्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय धर्मशाला) और विशिष्ट अतिथि डॉ. शिवराम राव के. (पुस्तकालय विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला) शामिल होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हरीश चन्द्र (जी एन डी यू अमृतसर) व नवीन डोबरियाल (सी एस यू देवप्रयाग) रहेंगे। इस समस्त कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पूरण माल गुप्ता (विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) होंगे। कार्यक्रम संरक्षक प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी (कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. सत्यम कुमारी (निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर, बलाहर) होंगे। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन एन ई पी 2020 एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के तहत शैक्षणिक पुस्तकालयों की भूमिका पर विचार करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

## बलाहर वेदव्यास परिसर में पुस्तकालय सेमिनार शुरू

**गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में दो दिवसीय पुस्तकालय सेमिनार का आरंभ कर दिया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद व्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि एनईपी 2020 के संदर्भ में ष्शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुद्धार: संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के विशेषज्ञए पुस्तकालयाध्यक्षए शिक्षाविद् और शोधार्थी शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन एन ई पी 2020 एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के तहत शैक्षणिक पुस्तकालयों की भूमिका पर विचार करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

## वेदव्यास परिसर में दो दिवसीय पुस्तकालय सेमिनार आरंभ

**संवाद सूत्र, जागरण • परागपुर :** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में दो दिवसीय पुस्तकालय सेमिनार आरंभ हुआ। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि एनईपी 2020 के संदर्भ में शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुर्नद्धार संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के विशेषज्ञ, पुस्तकालयाध्यक्ष, शिक्षाविद् और शोधार्थी शामिल हुए हैं। संगोष्ठी के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि डा. विक्रम कुमार शर्मा पुस्तकालय अध्यक्ष, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश धर्मशाला और विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. शिवराम राव के पुस्तकालय विभागाध्यक्ष केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला शामिल हुए। मुख्य वक्ता के रूप में डा. हरीश चन्द्र जीएनडीयू अमृतसर व नवीन डोबरियाल सीएसयू देवप्रयाग रहे।

# सी.एस.यू. में पुस्तकालय की राष्ट्रीय संगोष्ठी आरंभ



रक्कड़ : सैमीनार में मौजूद परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह व अन्य । (आनंद)

रक्कड़, 17 अक्तूबर (आनंद): केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में दो दिवसीय पुस्तकालय सैमीनार आरंभ हुआ। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद व्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी व पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि एन.ई.पी. ,2020 के संदर्भ में शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुद्धार, संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के विशेषज्ञ, पुस्तकालयाध्यक्ष, शिक्षाविद् और शोधार्थी शामिल हुए हैं। गुरुवार को इस संगोष्ठी के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि डा. विक्रम कुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. शिवराम राव के. शामिल हुए।

मुख्य वक्ता के रूप में डा. हरीश चन्द्र व नवीन डोबरियाल हुए। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन एन.ई.पी 2020 एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के तहत शैक्षणिक पुस्तकालयों की भूमिका पर विचार करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# पुस्तकालयों के पुनरोत्थान पर हुआ मंथन

परागपुर : शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुर्नत्थान, संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर बलाहर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के पुस्तकालय और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। इस दौरान पुस्तकालयों के पुनरोत्थान पर मंथन किया गया। इसका आयोजन कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के संरक्षण में हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डा. विक्रम कुमार शर्मा ने शिरकत की। सारस्वत अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय देवप्रयाग परिसर के निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम व विशिष्ट अतिथि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के अध्यक्ष डा. शिवराम राव रहे। मुख्य वक्ता डा. हरीश चंद्र व डा. नवीन डोबरियाल रहे। परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में ये कार्यक्रम हुआ। (संसू)

# सी.एस.यू. में 2 दिवसीय पुस्तकालय विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

रक्कड़, 23 अक्तूबर (आनंद): राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सन्दर्भ में शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुत्थानः संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर के पुस्तकालय और आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के संरक्षण में किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार शर्मा, सारस्वत अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, देवप्रयाग परिसर के निदेशक प्रो. पी.वी.बी. सुब्रह्मण्यम, प्रदेश केंद्रीय वि.वि. के पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिवराम राव के. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन सचिव एवं सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत ने 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्देश्यों एवं रूपरेखा के बारे में सभी को अवगत करवाया।

# सीएसयू के वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**अनंत ज्ञान, गरली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में 'शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुत्थान- संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के पुस्तकालय और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी  का आयोजन कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के संरक्षण में किया गया। आयोजन सचिव एवं सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष विक्रमजीत ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्देश्यों एवं रुपरेखा के बारे में सभी को अवगत करवाया। मुख्यातिथि डॉ. विक्रम कुमार शर्मा ने, आपने उद्बोधन में वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार हम शैक्षणिक पुस्तकालयों को किस प्रकार से पुनरुत्थान कर सकते हैं।

पंजाब केसरी THU,24 OCTOBER 2024
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE N

## सी.एस.यू. में 2 दिवसीय पुस्तकालय विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

रक्कड़, 23 अक्तूबर (आनंद): राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सन्दर्भ में शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुत्थान: संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर के पुस्तकालय और आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी  का आयोजन कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी के संरक्षण में किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार शर्मा, सारस्वत अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, देवप्रयाग परिसर के निदेशक प्रो. पी.वी.बी. सुब्रह्मण्यम, प्रदेश केंद्रीय वि.वि. के पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिवराम राव के. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन सचिव एवं सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष विक्रमजीत ने 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्देश्यों एवं रूपरेखा के बारे में सभी को अवगत करवाया।

## पुस्तकालयों के पुनरुत्थान पर मंथन

रक्कड़/परागपुर(कांगड़ा)। 'शैक्षणिक पुस्तकालयों का पुनरुत्थान संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई।

इसमें मुख्यातिथि सीयू हिमाचल के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार शर्मा, सारस्वत अतिथि केंद्रीय संस्कृत विवि देवप्रयाग के निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम और सीयू हिमाचल के पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिवराम राव के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. विक्रम ने वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शैक्षणिक पुस्तकालयों के पुनरुत्थान के बारे में बताया। संवाद

**NEWSPAPERS CLIPPINGS**

**December, 2024**

# अमर उजाला

**न्यूज डायरी**

## केंद्रीय संस्कृत विवि में दिया चिकित्सकीय परामर्श

रक्कड़ (कांगड़ा)। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में चिकित्सकीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना और निजी अस्पताल मोगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को चिकित्सकीय लाभ दिया गया। परिसर के छात्रों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में चिकित्सकों से विचार विमर्श किया। चिकित्सकों ने छात्रों को सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर परिसर की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया और समन्वयक पंकज कुमार ने भी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संवाद

DEC. 18, 2024 www.newshimachal24.com

W W W . N E W S H I M A C H A L 2 4 . C O M

# NEWSHIMACHAL24




प्रागपुर, 18 दिसंबर (अमित वालिया)

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में छात्रों को दिया चिकित्सकीय परामर्श

बुधवार के दिन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय(सी एस यू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) एवं श्री सत्य साई मुरलीधर आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल मोगा के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय चिकित्सकीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें परिसर के छात्रों को चिकित्सकीय लाभ प्राप्त हुआ। इसमें परिसर के छात्रों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं बारे मोगा(पंजाब) स्थित अस्पताल से आए डॉक्टर से विचार विमर्श किया।वहीं डॉक्टर शर्मा ने छात्रों को सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत करवाया व उनसे बचने के लिए कई टिप्स भी दिए।उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में आमतौर पर व्यक्ति दिन भर में पानी का बहुत कम सेवन करते हैं,जबकि आजकल गुनगुने पानी का अधिक सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

• newshimachal24

इस अवसर पर परिसर की एन एस एस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया व समन्वयक पंकज कुमार ने भी अहम भूमिका निभाई।उक्त कार्यक्रम परिसर निदेशक प्रो.सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उस अवसर पर परिसर के सह निदेशक प्रो. मञ्जुनाथ एस जी भट्ट,डा. रामनारायण ठाकुर, डा. मनीष कुमार, डा. विनोद शर्मा,अमर चंद व अन्य कई प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।